# कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी देहरादून

105, चन्दर नगर, देहरादून, दूरभाष संख्या–(0135) 2724506, फैक्स– 2726256, ईमेल–cmodehradoon@gmail.com

पत्रांक : सी0एम0ओ0 / जैव चिकित्सा अपशिष्ट / 2023–24 / 1243 — दिनांक : 17.02.2024

सेवा में,

01. प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, राजकीय जिला कोरोनेशन चिकित्सालय, देहरादून।
02. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, राज्य मानसिक स्वास्थ्य संस्थान, सेलाकुई, देहरादून।
03. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उपजिला चिकित्सालय ऋषिकेश, विकासनगर, प्रेमनगर एवं मसूरी, देहरादून।
04. चिकित्सा अधीक्षक, सामु0स्वा0केन्द्र डोईवाला, रायपुर, सहसपुर, सहिया एवं चकराता, देहरादून।
05. प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जनपद देहरादून।
06. प्रभारी चिकित्सालय अधिकारी, पुलिस चिकित्सालय, देहरादून।
07. प्रभारी, समस्त शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जनपद देहरादून।

**विषय : "भारत एनवायर्नमेंटल सोलूयूशन्स" द्वारा गढवाल मंडल में स्थापित किये गये "संयुक्त जैव चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण संयंत्र" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0, उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्रांक 19प / 05 / 266 / 2022 / 5525, दिनांक 08.02.2024 द्वारा अवगत कराया गया है कि भारत एनवायर्नमेंटल सोलूशन, सी–92 नेहरू कॉलोनी, देहरादून द्वारा ग्राम कोडाराना, तहसील–नरेन्द्रनगर, जनपद टिहरी गढवाल में 200 किग्रा प्रति घण्टे की क्षमता वाला एक संयुक्त जैव चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण संयंत्र (CBWTF) की स्थापना की गयी है।

उक्त स्थापित संयंत्र को वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार की भी संस्तुति प्राप्त हो चुकी है तथा उत्तराखण्ड सरकार के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा भी इस संयत्र को नियमपूर्वक चलाने की अनुमति प्राप्त हो चुकी है। प्रदेश में बढ़ते जैव चिकित्सा अपशिष्ट के पूर्ण रूप से निस्तारण के उद्देश्य से ही भारत एनवायर्नमेंटल सोलूशन द्वारा संयंत्र की स्थापना की गयी है जिसें उत्तराखण्ड प्रदूशन नियंत्रण बोर्ड द्वारा 4000 किग्रा जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रतिदिन निस्तारण करने की अनुमति प्रदान की गयी है।

पत्र में यह भी अवगत कराया गया है कि गढवाल मण्डल में केवल मेडिकल पॉलुशन कंट्रोल कमेटी (MPCC) नामक कंपनी का ही संयुक्त जैव चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण संयंत्र स्थापित है जिसकी निस्तारण क्षमता मात्र 100 किग्रा प्रति घण्टा है तथा उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उक्त संस्था को मात्र 2000 किग्रा जैव अपशिष्ट प्रतिदिन निस्तारण की अनुमति दी गयी है जबकि उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वार्षिक प्रतिवेदन (Annual report) 2021 के अनुसार गढवाल मण्डल में कुल 5315 किग्रा. जैव अपशिष्ट का प्रतिदिन उत्सर्जन होता है। इस प्रकार मेडिकल पॉलुशन कंट्रोल कमेटी (MPCC) नामक कंपनी द्वारा स्थापित संयंत्र में मात्र 2000 किग्रा जैव अपशिष्ट का निस्तारण हो रहा है एवं शेष 3315 किग्रा अपशिष्ट का निस्तारण नहीं हो पा रहा है, जिसके निस्तारण हेतु भारत एनवायर्नमेंटल सोलूशन, सी–92 नेहरू कॉलोनी, देहरादून द्वारा सेवा का अवसर चाहा गया है।

अतः आप सभी से अपेक्षा है कि कृपया आप अपने–अपने चिकित्सालय में उत्सर्जित हो रहे जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निस्तारण किये जाने हेतु भारत एनवायर्नमेंटल सोलूशन, सी–92 नेहरू कॉलोनी, देहरादून की सेवाएं नियमानुसार प्राप्त करना चाहें।

भवदीय

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
देहरादून

पत्रांक : सी0एम0ओ0 / जैव चिकित्सा अपशिष्ट / 2023–24 / — तद्दिनांक।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0, उत्तराखण्ड, देहरादून।
02. मैसर्स भारत एनवायर्नमेंटल सोलूशन, सी–92 नेहरू कॉलोनी, देहरादून

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
देहरादून